हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 जनवरी 2024

04 राममय हुआ नगर, श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव पर...



09 मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे विधायक उमाकांत ...





## भगवान रामलला के स्वागत में बेतवा के प्राचीन चरणतीर्थ घाट पर दीप जलाकर मनाई दीपावली



विदिशा। अयोध्या में रामन्मभूमि में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में दिनभर मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम हुए। शाम के समय बेतवा के प्राचीन चरणतीर्थ घाट के मंदिरों पर 10 हजार दीप जलाए गए। पूरे मंदिरों को दीपों से सुसज्जित किया गया। मंदिरों में देर रात तक धार्मिक कार्यक्रम हुए। वहीं शहरभर आतिशबाजी की गई।

# माथे पर तिलक, जुबां पर जय श्रीराम

## राम के आगमन पर घर घर सजी रंगोली, शाम होते ही जल उठे दीप, दिनभर हुए कार्यक्रम

सोमवार को शहर में गजब का उत्साह देखा गया। पूरा बाजार सजा हुआ नजर आया। हर जगह धार्मिक गीत और युवा जयश्रीराम के नारे लगाते हुए नजर आए। देर शाम से लेकर आधी रात तक मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम होते रहे। बाजार में जगह जगह जमकर आतिशबाजी की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल रहा। विदिशा मे भी भगवान राम के स्वागत में भगवा ध्वज व पताकाओं से सजाया गया। सोमवार को दिनभर धार्मिक कार्यक्रम हुए शहर के छोटे बड़े मंदिरों में दीप जलाए गए। जगह जगह शोभायात्राएं निकलीं। सुबह मंदिरों में भजन-कीर्तन और रामायण का पाठ किया गया। कई स्थानों से शोभायात्रा निकाली गईं। रामधुन से पूरा माहौल राममय हो गया। शहर के सारे मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है। लोगों की दुकानों और घर दीपावली की तरह ही सजे नगर आए।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में छोटा सर्राफा एसोसिएशन द्वारा लोहा बाजार में शाम 7.30 बजे भगवान राम के 35 फीट के चित्र की पूजन जमीन से 50 फीट ऊपर भगवा ध्वज के बीचों बीच की गई। भगवान राम के चित्र को 40 फीट की फूलों की माला पहनाई गई। 55 फीट ऊपर से श्रीराम जी के ऊपर फूल बरसाए। 50 फीट ऊपर से राम भक्त हनुमान जी हवा में उड़ते हुए श्रीराम की सेवा में नजर आए। माधवगंज चौराहे पर निषाद केवट माझी रैकवार समाज के द्वारा राम जी सीता जी लक्ष्मण जी की झांकी लगाई गई। जहां पर सुबह से हवन किया गया।



विदिशा। हिन्दू उत्सव समिति द्वारा निकाली गई राम नाम संकीर्तन यात्रा।

### 501 दीप जलाकर भजन किया

सोमवार को शेरपुरा स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में 501 ज्योति दीप जलाए गए। वहीं मंदिर में नव निर्मित चित्रांश लालबहादुर शास्त्री मंच का लोकार्पण किया जाएगा। नवीनीकरण कार्य के दानदाताओं का सम्मान किया। इसी के साथ राम भजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। आतिशबाजी के साथ भगवान राम की आरती की गई।

### आरती कर बांटा प्रसाद

पुराने हॉस्पिटल रोड के दवा व्यापारी और डॉक्टर्स द्वारा रामलला की प्रतिष्ठा के उपरांत भव्य आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 1 बजे आतिशबाजी के साथ भव्य आरती एवं प्रसादी वितरण होगा।

### जैन समाज ने मिठाई बांटी

शताब्दियों की प्रतिक्षा के बाद आयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस उपलक्ष्य में जैन महिला मंडल किलाअंदर की महिलाओं द्वारा माधवगंज चौराहे पर दोपहर 1 बजे दिव्यघोष किया गया। जैन गुरुवर सेवा समिति की ओर से मिष्ठान वितरण किया।

### मुक्तिधाम को दीपों से किया रोशन

शहर के एक मात्र मुक्तिधाम में शाम के समय दीप जलाए गए। मुक्तिधाम के संपूर्ण परिसर को दीपावली के अवसर पर रोशनी और दीप मालाओं से सजाया जाता है। सोमवार शाम को मुक्तिधाम को भी दीपों से रोशन किया गया।

### हिन्दू उत्सव समिति ने निकाली संकीर्तन यात्रा

हिंदू उत्सव समिति द्वारा दोपहर 12:30 बजे माधवगंज स्थित राधा कृष्ण मंदिर से संकीर्तन यात्रा निकाली गई। जो मुख्य मार्गों से होते हुए रामलीला प्रांगण पहुंची।

**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह**

## अस्पताल में 12 डिलेवरी, राम के नाम पर रखेंगे बच्चे का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सोमवार को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन हुआ। राम भक्त इस पल को यादगार बनाना चाहते थे, इस मामले में प्रसूताएं भी पीछे नहीं रहीं। उन्होंने नवजातों को जन्म देने के लिए सोमवार का दिन चुना। विदिशा के सरकारी चिकित्सालय में 12 महिलाओं की डिलेवरी हुई। परिवार के लोग भगवान राम का वरदान मान रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, कई महिलाएं ऐसी भी थीं, जिनकी नॉर्मल डिलेवरी होना थी लेकिन उन्होंने सोमवार का दिन चुनकर ऑपरेशन कराकर बच्चों को जन्म दिया। जिन घरों में बच्चों ने जन्म लिया है उनके यहां दोगुनी खुशी का माहौल है। वहीं जब परिजनों से बात की गई तो उनका कहना रहा की 22 जनवरी का दिन शुभ है। जहां सारा देश रामलला का स्वागत कर दिवाली मना रहे हैं। इसलिए हमने हमारी खुशी दोगुनी करने के लिए सोचा और डिलेवरी के लिए यह दिन चुना। नॉर्मल डिलेवरी बाद में होना थी पर हमने ऑपरेशन कराया है। उनके परिवार में जिन बच्चों ने जन्म लिया है उनका नाम भगवान राम के नाम पर रखेंगे, क्योंकि आज हमारे परिवार में जो चिराग आया है भगवान राम की ही देन है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर शिशिर रघुवंशी ने बताया कि आज रात 12 के बाद दोपहर के 3 बजे तक 12 महिलाओं की डिलेवरी हुई है, जिनमें 8 लड़के और 4 लड़कियां हुई हैं।

## ट्रेनें चल रहीं लेट, रात का तापमान 6 डिग्री पर आया



विदिशा। शहर में सुबह होते ही घने कोहरे के बीच सफर करते शहर के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर के मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शहर में दोपहर तक घना कोहरा छाया रहता है। स्थिति यह रही कि सुबह 9 बजे तक 50 मीटर दूर देखना मुश्किल हो रहा था। सर्द हवाएं चलने से पूरा शहर ठिठुर गया है।

शनिवार-रविवार की रात सीजन की सबसे ठंडी रात रही। हाल ये था कि एक दिन पहले रात का पारा 8 डिग्री दर्ज हुआ जो 6 डिग्री पर आ गया। वहीं दिन का पारा भी 22 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगले 2 दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। सुबह 11 बजे तक कोहरा हल्का छंटा, लेकिन इसकी



विजिबिलिटी 200 मीटर के आसपास ही रही। रात की ट्रेनें दूसरे दिन शाम को आईं। कोहरे की वजह से रात की ट्रेन दूसरे दिन शाम को आई। सीहोर कृषि कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक एसएस तोमर ने बताया कि पिछले 2-3 दिन से पूरा जिला बर्फीली हवाओं की चपेट में है। दिनभर सर्द हवाएं चलती रहीं।

### टीएल बैठक आज

विदिशा। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में आज लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक होगी। टीएल बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के बेतवा सभागार में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी।

### मतदाता दिवस 25 को

विदिशा। 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के समारोह से संबंधित सभी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए जाएंगे।

## संकल्प दिवस के रूप में मनाई आर्य की 13वीं पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रतिभा विकास संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष स्मृतिशेष बाबूलाल आर्य की 13वीं पुण्यतिथि को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।

मुख्य आतिथ्य गोविंद सक्सेना, समाज सेवी अनिल मेहरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी अतुल शाह और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप मेहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्मृतिशेष बाबूलाल आर्य की पुण्यतिथि पर भाव-भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्थान के उपाध्यक्ष अतुल रतनशी शाह ने विद्यार्थियों को समयबद्धता, लगन कठोर परिश्रम व ईमानदारी को जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया। संस्था अध्यक्ष दिनेश वाजपेयी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा आज आर्य साहब द्वारा 27 वर्ष पूर्व स्थापित परोपकार का यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कारों से अभावग्रस्त परिवारों की प्रतिभावान संतानों को तराश कर उनका सपना साकार कर रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल मेहरा ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संस्थान के निःशुल्क अनुकरणीय परमार्थ कार्य की सराहना की। मुख्य वक्ता गोविंद सक्सेना ने सारगर्भित उद्बोधन में कहा की भगवान राम के मर्यादाओं के साथ आदिवासी, दलितों व वंचितों को अत्याचारों से मुक्त कर समाज में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं को श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए।

**जैन कॉलेज ग्राउंड पर खेली जा रही कनारा क्रिकेट प्रतियोगिता**

# सागर व फेथ भोपाल टीम की आसान जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अखिल भारतीय कनारा क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन का पहला मुकाबला फेथ भोपाल और इंदौर के मध्य खेला गया। मैच का शुभारंभ स्प्रिंगफील्ड स्कूल के संचालक योगेन्द्र राणा व जनपद पंचायत विदिशा के अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज अंकुश सिंह ने 26 आलोक ने 23 राहुल बाथम ने 23 गौरव पचौनी आने 33 और अंत में रबाडा ने 7 गेंद पर ताबड़तोड़ 27 रन बनाकर खेत को 179 के स्कोर पर पहुंचाया। एमसीए इंदौर की तरफ से उज्जवल और साहिल शेख ने दो दो विकेट लिए। इसके जवाब में उतरी एमसीए इंदौर की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और वह अपने शुरुआती झटकों से उबार नहीं सकी और 122 पर ही सिमट गई सर्वाधिक योगदान उज्ज्वल ने 34 लकी और राजेश ने 20- 20 रनो का योगदान दिया। रबाडा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए भोपाल की ओर से चार विकेट लिए। दोहरे प्रदर्शन के लिए रबाडा को मैन ऑफ द मैच क्लब के वरिष्ठ सदस्य शंकरलाल गोयल द्वारा दिया गया।

### झांसी और सागर के बीच मुकाबला आज होगा

दिन का दूसरा मुकाबला गाजियाबाद और सागर के मध्य खेला गया। जिसमें व्यापार महासंघ के पदाधिकारी अध्यक्ष मुन्नाभैया जैन, उपाध्यक्ष आशीष मोदी, नीरज चौरसिया, वरिष्ठ मंत्री राजीव जैन व संयुक्त मंत्री मनीष अरोरा द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व टॉस करा कर किया।

सागर डिविजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 161 रन बनाएं सागर की ओर से संकल्प पाटोदिया ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 65 रन बनाए। शांतनु त्रिपाठी ने 39 रन का योगदान दिया। गाजियाबाद की ओर से आदर्श दुबे ने दो विकेट लिए। इसके जवाब में उतरी गाजियाबाद की टीम की शुरुआत अच्छी रही, उनके सलामी बल्लेबाज आदर्श ने 20, गौतम ने 28 और माधव शर्मा ने 31 रन बनाए। इसके बाद गाजियाबाद की टीम संजोग की बॉलिंग के आगे धराशाई होते हुए 113 पर सिमट गई। संजोग ने चार विकेट व संकल्प पाटोदिया ने दो विकेट लिए। संकल्प पटौदी मैन ऑफ द मैच रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्लब के वरिष्ठ सदस्य शंकर यादव व राजेंद्र दुबे द्वारा दिया गया। मैच में टीमों के ओनर छत्रपाल शर्मा, गोलू चौधरी, दीपक तिवारी व विनय गुप्ता की उपस्तिथि रही। मंगलवार का मुकाबला झांसी और सागर के मध्य सुबह 9.30 बजे शुरू होगा।

### राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाएगी बेटियों को जीने दो टीम

विदिशा। बुधवार को बेटियों को जीने दो टीम राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाएगी। टीम के साथी मेडिकल कॉलेज, जिला सरकारी अस्पताल में बेटियों को कपड़े बांटेंगे। इस दौरान इस दिन व अन्य दिनों में जन्म लेने वाली नवजात बेटियों के साथ वहां मौजूद सभी नवजात बेटियों की पूजा अर्चना कर व उन्हें कपड़े भेंट किए जाएंगे। परिजनों को बेटियों की अच्छी परवरिश करने का संकल्प भी दिलाएंगे। टीम अब तक मप्र, उप्र, तमिलनाडू की बेटियों को 1100 से ज्यादा कपड़े बांट चुकी है।

### राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन 25 तक

विदिशा। नारी सशक्तिकरण के लिए समाज सेवा, महिला सुरक्षा के लिए वीरता तथा साहसिक कार्यों के लिए व्यक्तिगत संस्थागत और सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए 6 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते है। विभाग ने वर्ष 2023 के इन पुरस्कारों के लिए 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय पुरस्कारों में रानी अवंती बाई वीरता पुरस्कार के अंतर्गत वीरता के लिए एक लाख रुपए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। समाज सेवा के लिए राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार संस्था अथवा व्यक्ति द्वारा समाज सेवा के लिए विष्णु कुमार पुरस्कार के लिए एक- एक लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**त्योंदा।** गत दिवस त्योंदा थाने के सामने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला डालकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर ऊकायला के भूपेंद्र सिंह ठाकुर, त्योंदा के राजू कुशवाह, इलियास खान, हिम्मत कुशवाह, आजाद खान, शहजाद खान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नाबालिग बालिका को सुपुर्द किया




**गंजबासौदा।** नाबालिग बालिका अपहर्ता दस्तयाबी के लिए चलाये जा रहे मुस्कान अभियान के तहत देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया के नेतृत्व में धारा 363 भादंवि में नाबालिग बालिका के दस्यावी के हर संभव प्रयास किए जा रहे थे। जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में थाना देहात बासौदा को सफलता प्राप्त हुई है। नाबालिग बालिका को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी एचएस लोहिया, मानसिहं चौहान, दिव्या पारासर,रोशनी राजपूत, दिलीप, ऋषभ,संतोष मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कृषि महाविद्यालय में प्रीमियर लीग संपन्न



**गंजबासौदा।** कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चर प्रीमियर लीग का आयोजन 18 जनवरी से किया जा रहा है। जिसका फाइनल मुकाबला रविवार को द्वितीय वर्ष एवं चौथे वर्ष के होस्टल के बीच खेला गया। जिसमे चौथे वर्ष ने पहले बैटिंग करते हुए 109 रनों का लक्ष्य रखा, जिसे द्वितीय वर्ष होस्टल ने 4 विकेटों से जीत लिया। जिसमें विवेक जाटव ने 3 विकेट लिए और 38 रनों की पारी खेली और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने के लिए चौथे वर्ष होस्टल से अभिषेक परमार को मैन ऑफ द सीरिज चुना गया। खेल के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. राजमोहन शर्मा, डॉ. अपर्णा शर्मा, डॉ. एन एस खेड़कर, डॉ. मुजाहिदा सैयद, डॉ. प्रीति चौहान के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

## अयोध्या में हुई श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा, अनेक स्थानों पर हुआ लाइव प्रसारण, घर-घर जले दीप

# राममय हुआ नगर, श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव पर दिन भर होते रहे धार्मिक आयोजन, बांटी मिठाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को अयोध्या में राममंदिर में रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव पूरे देश भर में उत्साह के साथ मनाया गया। नगर में भी तड़के ही रामधुन की गूंज सुनाई देने लगी थी। भक्त मंडलियाँ, कमर पर ढोलक, हाथों में झांझर और मुंह में राम नाम लेकर झूमते गाते हुए निकलीं तो लोगों की नींद ही रामधुन से खुली। पूरे नगर में तड़के शुरू हुई राम नाम की गूंज का उत्सव देर रात तक गूंजता सुनाई दिया। शहर में जगह-जगह प्रसादी का वितरण हुआ। जय स्तंभ चौक पर व्यापार महासंघ, नेहरू चौक पर जैन समाज, अग्रवाल समाज, स्टेशन क्षेत्र में किराना व्यापारी संघ द्वारा मिष्ठान का वितरण किया गया तो कई समाजों और संगठनों ने भी अलग-अलग प्रसादी का वितरण कर खुशियां मनाईं। उधर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान कई बार बिजली के चले जाने के कारण टीवी पर इस प्रसारण को लाइव देख रहे नागरिक मायूस हो गए और बिजली कंपनी खिलाफ आक्रोशित होकर नाराजगी जताई।

करीब 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में हुई भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक हफ्ते से नगर में जोर-जोर से तैयारी चल रही थीं। सरकारी दफ्तर जहां रोशनी से जगमगा रहे थे वहीं गली मोहल्ले,चौक चौराहों से लेकर पूरा शहर भगवा झंडों और झंडियों से सजकर राम उत्सव की तैयारी में लगा रहा। घरों पर भी दीपावली की तरह रोशनी की गई थी। घरों,चौराहों पर राम नाम के भजन सुनाई दे रहे थे। प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में विभिन्न हिंदू संगठनों ने रामलला की शोभायात्रा गाजे बाजे और डीजे के साथ निकाली। शाम को घरों की देहरी पर दीपावली की तरह राम ज्योति जलती हुई दिखाई थी। सदर बाजार स्थित हनुमान मंदिर में मानस मंडल द्वारा सुंदरकांड की 25 वीं वर्षगांठ के मौके पर अखंड रामायण पाठ के समापन को प्राण प्रतिष्ठा का अवसर पर मिलने पर भव्य भंडारा किया गया। पूरे शहर में दिन भर पठाखों की गूंज सुनाई देती रही। भगवान रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर नगर के कई मंदिरों में हवन और अनुष्ठान संपन्न हुए। वार्ड नंबर 13 चक स्वरूप नगर के हनुमान मंदिर पर सौ हनुमान चालीसा के पाठ का संकल्प लेकर प्रत्येक चौपाई पर हवन सामग्री और घी से श्री राम नाम की आहुतियां दी गईं। मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शर्मा ने हवन की पूर्णाहुति पर आरती के पश्चात मिष्ठान का वितरण किया। स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में बड़ी टीवी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी,








नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी,भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राकेश जादौन जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी, जनपद सदस्य ज्योति कपिल रघुवंशी सहित अनेक नागरिक मौजूद थे। जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम के महंत हरिहरदास महाराज के मार्गदर्शन में भगवान राम की झांकी के साथ शोभायात्रा आश्रम से बैतोली फाटक तक निकाली गई। अनाज एवं व्यापारी तिलहन संघ द्वारा भी पुराने गल्ला मंडी के पास स्थित गुरु कृपा अन्न क्षेत्र में गरीब निराश्रितों को पूड़ी पकवान का भोजन कराया गया। उदयपुर रोड स्थित गोपाल कृष्ण गौशाला में हिंदू जागरण मंच और देवनारायण समाज कल्याण समिति के द्वारा सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, भारत माता की आरती के साथ प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद सदस्य पंकज एलिया, विहिप के पूर्व केंद्रीय सह मंत्री राजेश तिवारी, जिला पंचायत सीईओ योगेश भरसट, एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। उधर ब्राह्मण दल ने भी वाहन रैली निकाली।

सावरकर चौक स्थित हनुमान मंदिर पर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में अखंड रामायण पाठ का परायण हुआ। वहीं अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन ने घटेरा वाली धर्मशाला पुराना मेला ग्राउण्ड में भजन कीर्तन रामधुन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम की आरती की गई। इसके उपरांत रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भजन कीर्तन भक्तिमय होकर राम उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं लोकसभा प्रभारी हर्ष यादव, अनुमा आचार्य, जिला अध्यक्ष राकेश कटारे, जिला संगठन मंत्री मोहित रघुवंशी के साथ समस्त ब्लाक अध्यक्ष एवं कार्यकारणी के सदस्य मण्डलम सेक्टर एवं बीएलए सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

वहीं हिंदू उत्सव समिति ने वार्ड नंबर 15 ,17, 18 में 11000 दीपक वितरित किए। स अवसर पर राजेश तिवारी, पवन रिछारिया, जगदीश व्यास, पिंकू महाराज, सुमित मिश्रा ,यशवंत दांगी, रविकांत मिश्रा आदि मौजूद थे। वहीं त्योंदा क्षेत्र के ग्राम बागरोद चौराहा पर श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया एवं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में यात्रा निकाली। खाकी बाबा वाले मंदिर के संत खादेशी महाराज ने मंदिर मंदिर जाकर प्रसादी वितरित की एवं रैली निकाली। जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं ग्राम सेनपा पर कोराबर जिला राजगढ़ से पैदल अयोध्या जा रहे श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर श्रीराम किशनदास महाराज का निर्वेश मीणा के नेतृत्व में स्वागत कर अशीर्वाद लिया गया। पिपलेश्वर मंदिर के पास वार्ड नंबर 7 में कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें वार्डवासियों द्वारा एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों द्वारा कारसेवक लालाराम रघुवंशी एवं प्रभात फेरी में लगभग 20 वर्षों से सेवा दे रहे कुंजीलाल एवं वार्ड के बुजुर्ग व्यक्ति का स्वागत किया गया। इस दौरान एसडीएम विजय राय ने मंदिर में सफाई भी की। इस अवसर पर ग्राम गमाकर में मंदिर







पर पहुंचकर मुन्नालाल शास्त्री एवं तुलसीराम को ध्रुव कुमार रघुवंशी द्वारा श्रीमद भागवत गीता भेंट की गई। वहीं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंशापूर्ण हनुमान मंदिर द्वारा भगवान श्रीराम और माता सीता की सुंदर झांकी सजाई गई। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने भगवान राम की महिमा का बखान किया।

वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में चार्ली चाट पैलेस परिवार द्वारा पोस्ट ऑफिस के सामने और त्रिमूर्ति जैन मंदिर समिति द्वारा त्रिमूर्ति जैन मंदिर के सामने मिष्ठान वितरित किया गया। वहीं वहीं भगवान श्रीराम के नव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्रमदान दल के तत्वावधान में शाम के समय बेतवा नदी रिपटा घाट पर दीपोत्सव पर्व का आयोजन किया गया। भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर ग्राम रोजरु, बीलाढाना में श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान अंबानगर चौराहा पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। ग्राम बीलाढाना में भैरव बाबा मंदिर पर कन्या भोज का आयोजन हुआ। वहीं ग्राम सकराई में भी श्रीराम उत्सव धूमधाम से मनाया गया। उधर ग्राम स्यारी में भगवान श्रीराम की झांकी के साथ गांव में चल समारोह निकाला गया। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीण जन शामिल रहे। इसी गांव में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पिछले एक माह



से अखंड रामायण पाठ भी चल रहा है। उधर नगर में अधिवक्ता संघ ने भी रैली निकालकर प्रभु राम की शोभायात्रा निकाली। नगर में सुबह से शुरू हुआ शोभायात्राओं और रैली का दौर देर शाम तक जारी रहा। रात में सभी ने घरों के बाहर दीपक जलाकर आतिशबाजी की।

## ग्राम पंचायत विशनपुर में आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर

# 'सर्दी में अटैक और लकवा की संभावना अधिक होती है'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शीतकाल में हार्ट अटैक आने की और लकवा लगने की सम्भावना अधिक होती है। सावधान रहकर इससे बचाव किया जा सकता है। उक्त बात शनिवार को मसूदपुर ग्राम में आयुर्वेदिक शिविर के दौरान शिवाजी चतुर्वेदी ने मरीजों को परामर्श देते हुए कही। उन्होंने कहा अधिक ठण्ड के कारण जब हम सांस लेते हैं तो ठंडी हवा हमारे फेफड़ों में पहुंचती है और शरीर में ठण्डक व्याप्त होने पर दर्द शुरू होने लगता है। अधिक ठण्ड लगने पर उल्टी दस्त बुखार और सर्दी जुकाम खांसी हो जाती है, सीने में दर्द हो सकता है।

शासकीय आयुर्वेद औषधालय मसूदपुर के द्वारा ग्राम पंचायत विशनपुर में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित कर शासकीय माध्यमिक विद्यालय विशनपुर के छात्रों छात्राओं के साथ-साथ ग्रामीण पुरूषों और महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें सर्दी खांसी,श्वास रोग, बवासीर, कमजोरी,चक्कर आना, उदर रोग की आयुर्वेदिक औषधियाँ निःशुल्क प्रदान की गईं। रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने त्रिकटु काढा वितरित किया और स्वस्थ रहने के उपाय बताए। सर्दी से बचने के लिए सुबह, शाम गर्म पानी पीने और सिर, कान अच्छी तरह बांधकर घर से बाहर निकलने की सलाह दी। औषधि का वितरण सुषमा चौहान के द्वारा किया गया।

### एक दिवसीय ट्रेनिंग आयोजित



**गंजबासौदा।** गत दिवस नीति आयोग के अंतर्गत आकांक्षी जिला एस्पिरेशनल भारत कोलैबोरेटिव प्रोग्राम के अंतर्गत इसके इंडिकेटर को मजबूत करने के लिए पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो संतोष कुमार राय और मोहम्मद नौशाद की मौजूदगी में गूगल रीड अलोंग एप एक दिवसीय ट्रेनिंग शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दी गई। जहां पर शिक्षकों का प्रशिक्षण हो रहा है। इसी दौरान इस ऐप को 100 से ज्यादा शिक्षकों को ओरिएंट किया गया और सभी के फोन में डाउनलोड करवाया गया। ये एप बुनियादी शिक्षा अभियान की मजबूती के लिए इस अभियान को विभिन्न जन शिक्षा केन्द्रों में ओरिएंट किया जाएगा। इस ऐप से बुनियादी शिक्षा निपुण भारत , मिशन अंकुर, सर्व शिक्षा अभियान को मजबूती मिलेगी, बच्चों को पढ़ाना और समझाना और भी आसान हो जाएगा। इस ऐप में दिया नाम की असिस्टेंट रहेगी जो बच्चों को पढ़ने में सहयोग करती रहेगी। GRA ऐप को सक्रिय करने के लिए मोबाइल में डाउनलोड करें।

### गली में उभरे गड्डे को ठीक कराया



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 2 नानाजी वाली गली में सड़क के बीचों बीच एक गड्डा बन गया था। जिसके चलते दिन एवं रात्रि के समय दो पहिया वाहनों के पहिया तथा पैदल राहगीर के पैर गड्डे में पड़ जाते थे। जिससे उन्हे परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसको ध्यान में रखते हुए वार्ड पार्षद जगदीश व्यास ने नपाकर्मियों की मदद से गड्डे को सीमेंट और गिट्टी से पुराव कराकर उसकी मरम्मत कराकर गड्डे को बंद करवा दिया। जिससे अब पैदल राहगीर और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# पूजन सामग्री एकत्रित करने नपाध्यक्ष ने वाहन किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर नगर में यह महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। नगर पालिका द्वारा मंदिरों से उपयोग के बाद पूजन सामग्री एकत्रित करने के लिए वाहन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, आदि ने वाहन की पूजा की और हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस कार्यक्रम से पूर्व सभी ने नौलखी मंदिर में पूजा अर्चन की एवं अयोध्या में हो रहे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को बड़ी स्क्रीन पर देखा। इधर व्यापार महासंघ ने जय स्तंभ चौक पर नुक्ति का वितरण कराया। इसी जगह नगर पालिका परिषद ने बड़ी स्क्रीन लगाकर नागरिकों को अयोध्या श्री राम मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दर्शन कराए। पूरे नगर को धर्म पताकाओं से सजाया गया था और मंदिरों की विशेष साज सज्जा की गई। नगर पालिका परिषद ने मंदिरों को दमकल की मदद से धुलवाया और चौराहे की रंग रोगन किया। शाम के समय घरों में दीपक जलाए गए और खुशियां मनाई गई।

**विद्युत प्रदाय रहा ठप:** नानाजी वाली गली में हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से दोपहर में विद्युत प्रदाय ठप रहा।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बेहलोट पटवारी हल्का हरदूखेडी, तह. बासौदा जिला विदिशा के भूमि सर्वे क्र.152/1/5 रकवा 0.217 हैक्ट. एवं 208/1/2 रकवा 0.198 हैक्ट. कुल रकवा 0.415 हैक्ट. के भूमि स्वामी अधीपत्य धारी (1) राजराजेश्वर (2) भरतराज पुत्रगण स्वर्गीय धनराज शर्मा (3) शोभा बेवा धनराज शर्मा सभी निवासीगण ललिता नगर भोपाल द्वारा विक्रय किया जा रहा है तथा क्रेता द्वारा भूमि का मूल्य तय कर अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी गयी है। यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व आधीपत्य, हित, ऋण, बंधक (साम्यिक) भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज के साथ इस सूचना पत्र में प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के अन्दर मुझे मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन पत्र तत्पश्चात नामांतरण अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

**कार्यालय एडवोकेट हरिप्रसाद शर्मा**
**वार्ड नं. 8 नवांकुर स्कूल वाली गली**
**बरेठ रोड बासौदा जिला विदिशा,**
**मो. 9425463294, 7000759591**

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सिरोंज में दिखा उत्साह का माहौल, मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

# मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा दीपोत्सव की तरह गौशाला में की गायों की पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सोमवार को अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर के समस्त मंदिरों में दर्शन करने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। वही राम मंदिर के उद्घाटन के दौरान नगर के सभी मंदिरों को मंदिर समितियों ने आर्कषक रूप से सजाया गया और भगवान राम की विशेष पूजा व आरती की गई है। साथ ही अनेको मंदिरो में सुदरकांड पाठ का आयोजन व राम भजनों का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह से लेकर देर शाम तक बडी संख्या में मंदिरों श्रद्धालुओ की भीड देखी गई।

### मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे विधायक

*अयोध्या में जन्मभूमि के स्थान पर रामललला की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास सुबह से ही नगर में देखने को मिलने लगा था। जहां मंदिरों में सुबह से ही भजन कीर्तन सुंदरकांड जैसे धार्मिक आयोजन होना प्रारंभ हो गए थे। वहीं क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने निवास पर भगवान राम के बाल रूप की पूजा अर्चना एवं आरती की। साथ ही गणेश अथाई स्थित गणेश मंदिर व शहर के प्राचीन रामलला मंदिर,छत्री नाका चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए एवं क्षेत्र की मंगल कामना के लिए प्रार्थना की। वही विधायक उमाकांत शर्मा लटेरी रोड स्थित श्री कृष्ण गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठित होने के उपलक्ष में दीपोत्सव पर्व की तरह गायों की पूजन की एंव उन्हें चारा खिलाने के साथ-साथ कहा कि आज का दिन आनंद का दिन है खुशी का दिन है यह दिन भूतों की भविष्यति वाला दिन है।*



### रामलला सरकार मंदिर में एलईडी पर देखा लाइव प्रसारण

मंदिरों में सुबह से ही आनंद और उत्सव राम भक्तों के द्वारा मनाना प्रारंभ कर दिया गया था वहीं शहर के प्राचीन रामलला सरकार मंदिर में एलईडी के माध्यम से अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम की जन्म भूमि पर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भक्तों के द्वारा देखा गया। इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिर पहुंचकर विधायक उमाकांत ने क्षेत्रवासियों को दी बधाई

छत्री नाका चौराहा स्थित शहर के प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर विधायक उमाकांत शर्मा ने हनुमान जी महाराज के दर्शन किये एवं सभी क्षेत्रवासियों, देशवासियों को भगवान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठित होने कि सभी को बधाई दी और कहा कि अभी भगवान श्री राम की स्थापना अयोध्या में हो रही है आगे मथुरा में भी श्री कृष्ण जन्मभूमि पर भगवान श्री कृष्ण की स्थापना होना है वही राम राज्य का अर्थ बताते हुए कहा कि राम के राज्य का आशय है हम सभी को मिलजुल कर रहकर धर्म की स्थापना करना, यही हमारा उद्देश्य है।

### कैथन नदी पर किया दीपदान

शाम के समय नगर की प्राचीन कैथन नदी त्रिपुर सुन्दरी घाट पर दीपदान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैथन नदी सुन्दरी घाट पर लगभग 5 हजार से अधिक दीप जलाकर घाट को दीपो की रौषनी से रौषन किया गया। जिसमें बडी संख्या में भक्तजन मौजूद रहें।

### अग्रवाल समाज ने निकाली प्रभात फेरी

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान समाजजनों भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहें थें। प्रभात फेरी नगर के सतखनी स्थित गिरधारी जी मंदिर से प्रांरभ होकर चांदनी चौक,कपड़ा बाजार,सराफा बाजार,कठाली बाजार,विद्यार्थी पथ होते हुए श्री रामलला सरकार मंदिर की परिक्रमा कर पुनः श्री गिरधारी जी मंदिर पहुचकर संपन्न हुई। जहा समाजनों ने भगवान श्रीराम की भव्य आरती कर प्रसादी वितरण की। वही महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किए गए। जिसमें बडी संख्या में समाजन मौजूद रहें।

### राजा जी की हवेली पर आयोजन

## गौड़ परिवार ने किया नगर के सभी मंदिरों के पुजारियों का सम्मान



**सिरोंज।** प्रतिवर्ष की भाती इस वर्ष नववर्ष के अवसर पर राजा जी कि हवेली पर नगर के सभी मंदिरों के पुजारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नगर के सभी मंदिरो के पुजारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राज परिवार के सबसे बड़े सदस्य राजकुमार गौड़ ने सभी पुजारियों के भोजन प्रसादी से पहले अपने परिवारजनों के साथ सभी ब्राह्मणों के चरण धुलाए। उसके पश्चात सभी पुजारियों के तिलक करके भेंट स्वरूप उपहारप्रदान किए।

श्री गौड़ ने कहा कि मंदिर में भगवान कि सेवा में संलग्न रहने वाले सभी पुजारी भगवान के सर्वाधिक निकट रहते है। इनके अंदर भी भगवान का बास होता है। आप लोग अपने नित्य कर्म में पुरे दिन भगवान के प्रात काल उठने से लेकर समय समय पर लगने वाले भगवान के भोग और शयन तक आप अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन बिना किसी अवकाश के करते है। भगवान का भोग, स्नान, सारी क्रियाएं आपके द्वारा ही संचालित होती आप सभी पूजनीय है। राजकुमार जी गौड़ ने बताया कि हमारे दादाजी राजा लक्ष्मण सिंह गौड़ के समय से ब्राह्मण भोज का आयोजन हमारे परिवार के द्वारा हमारे निवास स्थान राजाजी कि हवेली किया जाता रहा है। हम परिवारजन आज भी इस परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। गौड ने अपने पूरे परिवार के साथ सभी ब्राह्मणों कि परिक्रमा भी कि। इस अवसर पर राजकुमार गौड़, नरेन्द्र सिंह गौड़, महेन्द्र सिंह गौड़, सुमित गौड़, रजत गौड़, अजय सिंह गौड, डा. संजय सिंह गौड़, डा. यशराज गौड़ सहित समस्त गौड परिवार उपस्थित रहा।

## श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सिंधी समाज ने निकाली प्रभात फेरी

### भगवा ध्वज लहराए, गूंजे जय श्री राम के उद्घोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सिंधी समाज द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर समाजजन हाथों में भगवा ध्वज लिए जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहें थें। प्रभात फेरी नगर के रावजी पथ स्थित गुरूद्वारा से प्रारंभ हुई जो कि नगर के मुख्य मार्ग सिनेमा चौराहा, चांदनी चौक, कपड़ा बाजार, सराफा बाजार, कठाली बाजार, विद्यार्थी पथ होते हुए श्री रामलला सरकार मंदिर पहुचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर समाजनों ने भगवान श्रीराम की भव्य आरती कर प्रसादी वितरण की। वही शाम के समय गुरूद्वारा में रामधुन का भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में समाजन मौजूद रहें।

### मप्र संपादक संघ का किया गठन

## अजमल शेर खान अध्यक्ष और वसीम अख्तर उपाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज





डॉ सुब्हान गौरी के कार्यालय में नगर के समस्त समाचार पत्रों के संपादको को बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी समाचार पत्रो के संपादक शामिल हुए। वही बैठक में सभी संपादकों ने अपनी - अपनी बात रखी और मध्यप्रदेश के समाचार पत्रों के संपादकों के हित में कार्य करने हेतु सिरोंज जिला विदिशा मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश संपादक संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष हेतु संपादक अजमल शेर खान को चुना गया। वही अजमल शेर खान ने संघ का विस्तार किया। जिसमें संघ का उपाध्यक्ष वसीम अख्तर, सचिव नसीम इंजीनियर, कोषाध्यक्ष डा सुब्हान गौरी को अपने संघ के पदाधिकारी घोषित किए संघ की बैठक में वरिष्ठ संपादक फहीम खान, विनोद सेन, वाजिद कुरैशी, सलमान अमीन खान, जगदीश राजपूत, तौकीर खान, आदि संपादक उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश संपादक संघ अध्यक्ष बनने पर अजमल शेर खान एवं सभी संघ अन्य पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**सिरोंज।** अपनी पत्नी की कुल्हाडी व चाकू से हत्या करने वाले आरोन के ग्राम पाराषरी निवासी देवीलाल सिंह को न्यायालय ने आजीवन कारावास एंव 5 हजार के दंण्ड दंडित से किया गया। विशेष लोक अभियोजक मनीष वर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार 5 दिसंबर 2020 को ग्राम बांसखेड़ी थाना मुगलसराय की ताराबाई अहिरवार की उसके पति देवीलाल अहिरवार निवासी ग्राम पाराशरी जिला आरोन ने उसे समय उसकी हत्या की जिस समय ताराबाई अपनी भाभी हीराबाई सुनीता बाई के साथ खेत पर से घास काट कर लौट रही थी। तो रास्ते में उसके पति देवीलाल अहिरवार ने कुल्हाड़ी और चाकू से हमला कर दिया। जिससे महिला खेत के रास्ते में ही गिर गई वहीं उसकी गंभीर चोंटे लगने की वजह से उसकी मौत हो गई। थाना मुगलसराय में उसके भाई भैरव सिंह ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर थाना मुगलसराय द्वारा धारा 302 का अपराध दर्ज किया गया एंव उसके भाई भैरव सिंह ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि मेरी बहन तारा वाई आज से दो माह पूर्व उसके दो बच्चों को लेकर ग्राम बांसखेड़ी में आ गई थी। उसका पति देवी लाल उसके साथ आए दिन मारपीट करता था जिसकी हमने थाना आरोन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मेरी पत्नी और भाभियों के साथ मेरी बहन ताराबाई दोपहर के 12 बजे के लगभग घास काटने गई थी घास काट कर लौटते समय उसके पति ने उसकी कुल्हाड़ी और चाकू मार कर हत्या कर दी। वही सिरोंज न्यायालय द्वारा इस जगन हत्या के मामले में आरोपी पति को आजीवन कारावास एवं 5 हजार के दण्ड से दंडित किया गया। वही थाना मुगलसराय द्वारा आरोपी को 6 दिसंबर 2020 को गिरफ्तार कर लिया गया था। तब से ही आरोपी उपजेल लटेरी में बंद था इस मामले में न्यायालय द्वारा 15 ग्रामीणो की गवाही कराई गई थी गवाही होने के बाद पति को पत्नी की हत्या का दोषी पाया गया।

### राम की भक्ति में डूबा नगर निकाली शोभायात्रा

**ग्यारसपुर।** क्षेत्र में सभी मंदिरों में गांव में 24 घंटे की रामायण पाठ एवं प्रातः काल से ही भगवान श्री राम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर घर आंगन नगर पूरा फूलों से उत्सव की तरह सजाया गया । फूलों से बंधन बार सजाए गए । प्रातः काल से ही सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की गई । गांव नगर में सभी जगह भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई वहीं छापर वाले हनुमान जी महाराज के दरबार में पूरे विधि विधान से भगवान हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की गई । इंद्रावास , बरमढी, औलिजा , मानोरा,मैं भी भगवान श्री राम के भक्तों के द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। वहीं ग्यारसपुर में हिंदू उत्सव समिति के द्वारा शिव मंदिर ब्लॉक कॉलोनी से नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री राम जानकी मंदिर मनोकामना माता मंदिर शिव मंदिर तहसील होते हुए कुशवाहा शिवालय में शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में जगह-जगह भगवान श्री राम जानकी लक्ष्मण जी की पूजा की गई । रास्ते में श्रद्धालुओं के द्वारा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए खीर प्रसादी का वितरण भी किया गया । पूरे नगर में खुशी का माहौल उत्सव का माहौल।

## सुबह निकली प्रभात फेरी, रामलीला मैदान में हुआ सुंदरकांड, अयोध्या से लाइव प्रसारण देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

500 वर्षो लम्बे इंतजार के बाद 22 जनवरी को श्रीरामलला की दिव्य भव्य विशाल मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा की तो प्रत्येक श्रीराम भक्त टीवी सेट से चिपक कर सीधा प्रसारण और श्रीरामलला की पहली झलक देखने उत्साहित बना रहा। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा तो नगर में दीपावली, धार्मिक उत्सव का माहौल रहा। मंदिरो की विधुत सजावट के साथ सुबह से ही श्रीराम भक्तिमयी भजनों का दौर चलता रहा। संकट मोचन हनुमान मंदिर में भक्तों के बीच खीर का वितरण किया गया। दिन भर फटाकों की आवाजें नगर के विभिन्न हिस्सों में गूंजती रही।

सुबह श्रीराम धुन गायन के साथ नगर में प्रभात फेरिया निकाली गई। सुबह से ही नगर के मंदिरो में भक्तों का दर्शन पूजन के लिए सिलसिला बना रहा। मंदिरो में भजन कीर्तन भी चलते रहे। जैसे ही दोपहर 12 बजे श्रीरामलला का प्राण प्रतिष्ठा समय आया परिवार टीवी सेट के सामने बैठ गए। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और विराजमान श्रीरामलला की दिव्य भव्य अति आकर्षक मूर्ति के दर्शन करने प्रत्येक ललायित बना रहा।



अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर नगर के रामलीला में 108 लीटर तेल वाली विशेष श्रीराम ज्योति जलाने का अद्भुत दृश्य रहा। 11 सौ लोगो द्वारा एक साथ सामुहिक रूप से सुन्दरकांड का पाठ कर नगर में इतिहास बनाया गया। सामुहिक सुन्दरकांड पाठ में प्रदेश के लोक स्वा. परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र पटैल की विशेष उपस्थिति रही। शाम को रामलीला मैदान में 11 हजार दीपों से श्रीराम दरबार मंदिर एवं प्रांगण जगमग होता रहा। नगर के बडा बाजार, छोटा बाजार, मुख्य मार्ग, पुराने बस स्टेण्ड सहित नगर के विभिन्न हिस्सों में दिन भर दीपावली जैसा दृश्य नजारा बना रहा। प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर में 11 सौ दीपक जलाने, सुन्दरकांड का पाठ एवं प्रसादी वितरण के कार्यक्रमों में भारी संख्या में श्रीराम हनुमान भक्तों की उपस्थिति रही। नगर में स्थान-स्थान पर बडी स्क्रीन पर अयोध्या कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी।

## शीत का प्रकोप जारी, थरथर कांप रहे रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सामान्यतः मकर संक्रांति 14 जनवरी को सूर्यदेव के उत्तरायण होते ही तेज धूप, गर्मी की शुरूआत हो जाती थी।इस वर्ष मौसम और प्रकृति का नजारा अलग ही बना हुआ है। जनवरी माह में सर्द हवाओं का जोर शीत का अति प्रकोप से नर्मदा क्षैत्र के निवासी थर-थर कांपते नजर आ रहे है। पिछले दिनों हुई बूंदाबादी ने शीत के प्रकोप को ओर अधिक बढ़ा दिया है।

आसमान में बादलो का डेरा बना रहने के साथ दिन एवं रात के तापमान मं आई भारी गिरावट से नगर एवं क्षैत्र के निवासियों की दिनचर्या ही बदल गई है। सुबह 7 बजे के आसपास लम्बे समय से सूर्योदय हो रहा है। शाम साढे पांच बजे सूर्यास्त होने के साथ शीत का प्रकोप बढने लगता है। लोगो का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में जनवरी माह में इतने लंबे समय तक शीत का प्रकोप पहले कभी नहीं देखा। एक-दो दिन शीत लहर प्रकोप बना रहता था। इस बार जनवरी माह में रिकार्ड तोड कडाके की ठंड का मौसम निरंतर बना हुआ है। चौबीसों घंटो शीत ही शीत में दुकानदारी करना, महिलाओं को अपने घरो में कार्य करना परेशानियों का कारण बन रहा है। जिस प्रकार लंबे समय से जोरदार शीत का वातावरण बना हुआ है। उससे अगली पिछली दौनों प्रकोर की बोवनी वाली गेंहू की फसलों को भारी लाभ की स्थिति बन रही है। गेंहू की फसलों में चमक देख किसानों के चेहरे खिल रहे है। ठंड के कारण इस वर्ष गेंहू का अच्छा उत्पादन होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### शीत के साथ छा रहा कोहरा

प्रतिदिन सुबह-सुबह घना कोहरा भी छा रहा है। जिससे वाहनों की लाइटें जलाने के बाद कुछ मीटर दूर दिखलाई नहीं दे रहा है। रात में भारी मात्रा में गिरी ओस से फसलों, फूलो के पेड पौधों, टीन शेड़ो से पानी की बूंदे टपकने की भरी स्थिति बन रही है।

### शोभायात्रा निकाली

**पिपलधार।** पिपलधार के हनुमानजी के बड़े मंदिर से लेकर चौक चौराह तक शोभायात्रा निकली गई। जिसमें गांव के युवा डीजे पर भगवान के भजनों पर नाचते हुए और जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। भगवान की शोभायात्रा में जगह जगह भक्तों द्वारा फूल बरसाए गए। भगवान की जगह-जगह आरती की की गई। चारों तरफ बस भगवा ही भगवा और जय श्री राम के नारों से पूरा गॉव गूंज उठा। मंदिरों पर कीर्तन एवं प्रसाद वितरण भंडारा का आयोजन किया गया।

### किले के हनुमान जी की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**कस्बा बागरोद।** किले पर विराजमान प्राचीन बाल रूप हनुमान जी की 22 तारीख के शुभ महूर्त मे पुनः प्राण प्रतिष्ठा की गई। ज्ञात हो ग्राम मे स्थित किले के प्राचीन हनुमान जी की मूर्ति विगत वर्षों पूर्व एक विक्षित व्यक्ति द्वारा खंडित कर दी गई थी। जिसके बाद 22 तारीख को अयोध्या मे श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ महूर्त में ही ग्राम में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा ग्राम वासियों ने कराई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। बाजार क्षेत्र मे विराजित दुर्गा जी की मूर्ति मे खंडित हो जाने के बाद शुभ महूर्त मे प्राण प्रतिष्ठा कर विराजित की गई। जिसमें ग्रामीणों द्वारा करीब 51 मीटर लंबी चुनरी यात्रा कर मूर्ति को नगर भ्रमण कराया गया। जिसमें सेकड़ो की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। समर्थ राम दास गुरु महाराज के यहां 1100 दीपक जलाए गए। ग्राम वासियों के सहयोग से राम मंदिर को गुब्बारों, मालाओं एवं रंगोलीओ से सजाया गया।

## हनुमान मंदिर से निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद



सोमवार को पूरा नगर धर्ममय हो गया। सुबह से नगर में नगर परिषद अध्यक्ष भारती माहेश्वरी महिलाओं के साथ श्रीराम के भजनों को गाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई।

पुरानी तहसील हनुमान मंदिर से भव्य चल समारोह निकाला गया जिसमें ट्रेक्टर ट्रालियों पर भगवान राम, हनुमान जी की तस्वीर रखकर फूल मालाओं से सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नगर में जगह जगह आरती उतारकर, पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया शोभायात्रा का बड़ वाले हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना आरती के बाद समापन किया गया। नगर सहित क्षेत्र में जगह जगह कन्या भोज, प्रसादी वितरित की गई। शाम को पूरे नगर में हर घर पर दीपक जलाकर कर भगवान श्रीराम का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, सहित सभी संगठन के लोग शामिल हुए। प्राचीन बड़े मंदिर पर भगवान राम की आरती, पूजा अर्चना कर कन्या भोज रखा गया। छोटे छोटे बच्चों को राम सीता, लक्ष्मन, हनुमान बनाया गया। वही छात्राओं ने राजपूती वेश भूषा में साफा बांधकर नगर में श्रीराम के जयकारों के साथ नाचती गाती हुई शोभा यात्रा में शामिल हुई।

### निकाली शोभायात्रा

**हैदरगढ़।** हैदरगढ़ चिकली मोहमदगढ़ आदि क्षेत्रों में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे श्री राम जी के भक्तों ने शोभायात्रा निकाली सभी चल समारोह में रामलला के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे यह ऐतिहासिक क्षण पर सभी ने अपनी भागीदारी देकर शोभायात्रा को सफल बनाया। यह शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्ग से निकली गई जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया लोगों ने अपने घरों के बाहर दीप जलाए और फूल बरसाए गए।

## रामलीला मैदान के राम मंदिर में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

जिस शुभ विशेष मुर्हूत में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूमि पूजन किया था। उसी शुभमुर्हूत में रामलीला मैदान में श्रीराम दरबार मंदिर निर्माण का भी भूमि पूजन हुआ था। दो वर्ष पूर्व मंदिर का निर्माण पूर्ण होने के साथ श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा भी तत्कालीन हिउस अध्यक्ष दुर्गा धाकड़ के द्वारा विशाल भव्य कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न कराई गई। मुख्य सड़क के किनारे निर्मित भव्य आकर्षक श्रीराम दरबार मंदिर आस्था का केन्द्र बना हुआ है।

रामलीला मैदान स्थित श्रीराम दरबार मंदिर में सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही श्रीराम भक्तों का रामलीला मैदान में भगवान श्रीराम के दर्शन, पूजन करने और बडी एलईडी पर अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखने भारी भीड़ का नजारा बना रहा।

## नगर व ग्रामीण क्षेत्र रहा राममय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई



अयोध्या धाम में 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही प्रभात फेरी निकलने का सिलसिला शुरू हो गया था। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों बरवाई, मेहलुआ चौराह, लायरा, वर्री टोरिया सहित अनेकों ग्रामों में में राम भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिला। राम भक्तों ने अपने-अपने स्तर पर जिससे जो संभव हुआ वह आयोजन कर भगवान राम की प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

500 साल के संघर्ष के बाद रामलला आज भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं इस बात की सभी को बहुत खुशी थी और लोगों ने बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ मंदिरों में भजन कीर्तन सुंदरकांड हनुमान चालीसा भंडारे आदि का आयोजन किया। नगर में अटल बिहारी मंदिर से प्रातः काल प्रभात फेरी प्रारंभ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे एवं युवा शामिल हुए नगर के जनप्रतिनिधि राजनीतिक दलों के नेता सभी ने बढ़-कर कर इस आयोजन में हिस्सा लिया। नगर में द्वार द्वार पर राम दरबार की आरती उतारी गई। पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। माता बाग मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। अस्पताल कॉलोनी स्थित शिव शक्ति धाम पीठ पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया वार्ड नंबर 13 स्थित शिव मंदिर पर एवं पुराने थाने में स्थित शिव धाम पर महा आरती का आयोजन किया गया। गुजरी मंदिर को विशेष विद्युत साथ सजा के साथ सजाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा।वहीं आर्य समाज द्वारा नवीन यज्ञशाला का शुभारंभ किया गया और शाम को विशेष रूप से आचार्य चंद्रदेव शास्त्री जी के श्री मुख से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र का चित्रण कर राम भक्तों को उपदेश का आयोजन किया गया।




## श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर पूरा नगर रहा राममय

**सिलवानी।** अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में 500 साल के संघर्ष के बाद सोमवार को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा का दृश्य सोशल मीडिया व न्यूज चैनलो पर प्रसारित होते ही नगर में नागरिको के द्वारा जष्न मनाया। आतिशबाजी चलाकर दीवाली मनाई गई। जनवरी में भी दीवाली जैसा नजारा कर देखा। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने की खुशी में पूरा शहर केसरिया रंग के ध्वजों से सज गया है। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो कि गांधी चौक, पुराना बस स्टैंड, शिवाजी नगर, बुधवारा बाजार, हौली चौक, शनिचरा पुरा आदि स्थानो से होती हुई जमुनियापुरा स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर पहंच कर समाप्त हो गई। यहा पर भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना, आरती कर प्रसाद का वितरण किया। नगर में जगह-जगह भंडारा प्रसादी और रामधुन के कार्यक्रम एवं भव्य और विशाल चल समारोह यात्रा भगवान श्रीराम की छायाचित्र को लेकर निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में पुरुष और महिलाओं के साथ-साथ नन्हे बच्चे भी सम्मिलित दिखे। इस यात्रा की लाइन इतनी लंबी थी कि खत्म होने का नाम नहीं ले रही थी। वहीं इस यात्रा का दृश्य बड़ा ही अद्भुत दिखाई पड़ रहा था। मानो भगवान श्री राम की भक्ति में जन सैलाब उमड़ पड़ा हो। भक्तों ने इस चल समारोह यात्रा का पुष्प वर्षा और आतिशबाजी करके स्वागत किया। बच्चों और महिलाओं ने श्री राम भगवान की भक्ति में डूबते हुए नृत्य भी किया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं व बालिकाओं ने अपने सिर पर कलश धारण किए हुए थे युवा श्रद्धालु बैंड बाजों की थाप पर थिरकते हुए यात्रा में शामिल रहे। संगीत की राममयी ध्वनियों के बीच पूरा वातावरण श्रीराम के उदघोषों से गुंजायमान रहा।

### शोभायात्रा में श्रीराम दरबार की जीवंत झांकी सजाई

शोभायात्रा में शामिल रथ में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, भाई लक्ष्मण, हनुमान, माता सीता की जीवंत झांकी सजाई गई। इसे अतिरिक्त अन्य रथ पर भगवान श्रीराम, हनमान जी की आदमकद प्रतिमा भी विराजित की गई। श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना कर आरती उतारी तथा नप कार्यालय के सामने हलवा के प्रसाद का वितरण किया, यहां पर नप अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोनू मतांबर, सीएमओ सुनील कुमार जैन, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, मोहन साहू आदि के द्वारा सलजाई गई जीवंत झांकी की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई।

### मंदिरो व घरों में हुए आयोजन, निकाली शोभायात्रा

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसार पर नगर के मंदिरो व घरो में अनेक सुंदर कांड पाठ, रामायण पाठ अनुष्ठान आदि कार्यक्रम आयोजित कए गए। इन कार्यक्रर्मो में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ की भागीदारी रही। शोभायात्रा का नगरिको ने पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया।

### जैन समाज ने किया शोभा यात्रा का स्वागत

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर की अखण्ड जैन समाज में भी उत्साह देखा गया। हिंदु संगठनो के आवहाझापर जैन सममाज ने अपने प्रतिष्ठान पूर्णत: बंद रख कर शोभायात्रा में शामिल होकर स्वागत किया। बुधवारा बाजार स्थित श्रीपारस नाथ दिगंबर जैन मंदिर व हौली चौक स्थित श्री जारण तरण जैन मंदिर पहुंचन पर समाजजनों द्वारा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओ का चंदन से तिलक कर व अक्षत वर्षा कर स्वागत किया तथा शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नगर को भगवा रंग की पताकाओ, फ्लेक्सो, झण्डियो से भगवा मय बना दिया गया। लोगो का उत्साह देखते ही बनता था। इस मौके पर नगर की सभी छोटे बड़े प्रतिष्ठान बंद रहे।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री भी हुए शामिल

शोभायात्रा में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, दीपक रघुवंशी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, नप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोनू मतांबर, तारण तरण जैन समाज के अध्यक्ष सवाई सेठ जयबाबू जैन सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक आदि शामिल हुए। पूर्व कैबिनेट मंत्री व अन्यो के द्वारा भगवान श्रीराम की जीवंत झांकी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्ध की कामना की तथा नागरिको को एतिहासिक दिन की बधाई दी।

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा आसमान राम के रंग रंगा शहर, मनाया दीपोत्सव पर्व

## मंदिरों में लोगों ने देखा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भारतवर्ष के साथ ही रायसेन भी भगवा रंग से सराबोर नजर आया। पूरे जिलेभर में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की धूम रही तथा मंदिरों में लाइव प्रसारण दिखाया गया। वहीं सुबह से सैकड़ो धार्मिक आयोजनों के साथ आतिशबाजी की जारी रही। शहर के सागर तिराहे पर एलईडी पर दोपहर 12:30 बजे अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव कार्यक्रम देखा गया।

वहीं भारत माता चौराहे पर एक क्विंटल देसी घी के लड्डू का वितरण किया गया। पूरे शहर में जगह-जगह भगवान श्री राम की आरती के साथ अलग-अलग पकवानों का प्रसाद वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही शाम 7 बजे मिश्र तालाब के घाट 11000 दीपों के प्रकाश से जगमगाते रहे। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर के पाटनदेव स्थित श्रीहनुमान मंदिर से विशान शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल होकर थिड़कते नजर आए।



### स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना

अयोध्या में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में जिले भर में मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया, रंगोलियां बनाई गईं।



साथ ही मंदिरों में भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना की गई। वहीं अनेक लोग ने मंदिरों में धार्मिक आयोजन में शामिल हुए और श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा भी बरेली स्थित श्रीराम जानकी पहुंचकर पूजा अर्चना और भजन कीर्तन किया। साथ ही अयोध्या में भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मंदिर प्रांगण में आमजन के साथ सीधा प्रसारण देखा।

### श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का देखा सीधा प्रसारण

भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का रायसेन जिले के सभी मंदिरों पर सीधा प्रसारण देखा। साथ ही भजन कीर्तन, पूजा-अर्चना की गई। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शहर के गोपालपुर स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिपं अध्यक्ष यशवंत मीणा, नपाध्यक्ष सविता सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा सीधा प्रसारण देखा। इसके पूर्व उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुख-शांति व देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की।





### खास बातें

- भव्य शोभा निकाली गई, हजारो श्रद्धालु हुए शामिल, पुष्प व अक्षत वर्षा हुई,
- महिलाओं ने रखे मंगल कलश, अनेकों स्थानो पर शोभायात्रा का हुआ स्वागत,
- जैन समाज ने भी किस शोभा यात्रा का स्वागत, नगर के बाजार रहे पूर्णत: बंद
- झण्डो, फ्लेक्सो व पताकाओ से भगवामय हुई नगरी, हलवा के प्रसाद का वितरण किया
- कानून पर विधि विशेषज्ञों से राय लेकर सरकार समाज के सभी वर्गों से इसे लेकर चर्चा भी कर रही है।
- मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देख गया।

## सोमवार को अंबाडी-दीवानगंज में निकाली शोभायात्रा

**दीवानगंज।** सोमवार को ग्राम अंबाड़ी में विशाल चल समारोह निकाला गया। अंबाड़ी में अयोध्या धाम मंदिर से राम जी की शोभायात्रा निकाली गई जो गणेश मंदिर, चांदनी चौक शिव मंदिर, मुख्य मार्गो से होते हुए अयोध्या धाम मंदिर पहुंची।

शोभायात्रा के समाप्ति पर सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया तो वहीं शाम को बुंदेलखंडी गीत गूंजेंगे। वहीं राम जानकी मंदिर दीवानगंज से राम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में नगर सहित आसपास के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेड़ापति हनुमान मंदिर पर रात को सुंदरकांड का आयोजन हुआ तो इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर पर रामायण पाठ का कार्यक्रम रखा गया। गुफा मंदिर और पुराने गुरुद्वारा मंदिर पर भी प्रसाद वितरण किया गया। पूरे दिन भक्तों द्वारा सभी मंदिरों पर भजन कीर्तन का आयोजन चलता रहा।



## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मनाई दीपावली

**सुल्तानपुर।** पावन नगरी अयोध्या में भगवान राम के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर में आज भगवान राम के 51 इंच ऊंची प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ।

आज 500 वर्ष की लंबी प्रतीक्षा एवं कई बलिदानों के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सीधा प्रसारण स्थानीय राम मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिर में भी देखा गया नगर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्यता के साथ मनाया गया।

आज नगर में अनेक जगह भगवान की प्राण प्रतिष्ठा को उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें मुख्य कार्यक्रम राम जानकी मंदिर में आयोजित किया गया। उसके साथ ही बात वार्ड 14 सिंधी कॉलोनी में भी भगवान राम की लीलाओं का मंचन किया गया। वही राम जानकी मंदिर युवा ब्रिगेड के द्वारा बस स्टैंड पर तिवारी बहनों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर में आज हर घर के सामने रंगोली बनाई गई जिससे दीपावली जैसा माहौल दिखाई दिया। दोपहर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद शाम को स्थानीय राम जानकी मंदिर में दीपोत्सव का कार्यक्रम रखा गया। नगर के समस्त लोगों ने स्थानीय राम जानकी मंदिर में एकत्र होकर अयोध्या से प्रसारित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देखा गया।

## भूजी मंदिर की इमारत के नवीनी करण के लिए किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

नगर की धरोहर भूजी के मंदिर की इमारत जिन सिन अवस्था में होने पर नगर के लोगों द्वारा लिए गए सामूहिक निर्णय एवं प्रयासों से मंदिर का नए रूप में निर्माण का बीड़ा उठाया है। नगर की धार्मिक जनता के लिए प्रसिद्ध भगवान श्री कृष्ण का लगभग 300 वर्ष पुराना यह मंदिर की इमारत पूरी तरीके से रजीन सेन अवस्था में होने के कारण लोगों में निर्माण के लिए मंदिर समिति एवं नगर की प्रबुद्ध लोगों की बैठक बुलाई। जिसमें लगातार गंभीरता पूर्वक मंदिर निर्माण पर सहयोगात्मक सहयोग पर चर्चा की।



लगातार लोगों से जन भागीदारी की अपील भी की गई, जिसका व्यापक असर देखा गया। प्राचीन मंदिर नगर के मुख्य मंदिरों में गिना जाता है। यहां पर नगर के लोगों की गहरी आस्था है बस्ती के बीचो-बीच बसे इस मंदिर में लोगों की आवाजाही होती है।

हालांकि लंबे अरसे से मंदिर की इमारत कमजोर एवं उसे व्यापक रूप देने के लिए समिति द्वारा सहयोग की भूमिका काम करने का निर्णय दिया। सोमवार को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में नगर में मंदिर की भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र के मुख्य रूप से मोहन यादव, वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा, पुजारी पंडित चंद्र प्रकाश शर्मा, पंडित मोहन भार्गव, किशोर शर्मा, राजेश सोनकर ,नर्मदा प्रसाद सोनकर, संतोष यादव, गोलू यादव, सुरेश यादव, राजेश भार्गव, छोटे वीर नगर के नागरिक मौजूद थे।

### विधायक डॉ. चौधरी शिविर में रहे मौजूद

## माखनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सांची विकासखंड की ग्राम पंचायत माखनी में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया।

विधायक डॉ चौधरी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अनेकों योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

ग्रामीणजन शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और आवेदन भी करें। जिससे कि पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिया जा सके। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी हितग्राहियों को प्रदान किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा मौजूद थे।

## शीतलहर के चलते एडवायजरी जारी की, बताए बचाव के उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी अनुमान के अनुसार शीतकालीन मौसम में प्रदेश के अधिकांश भागों में सामान्य से न्यूनतम तापमान होने की संभावना है। अतः सभी जिला प्राधिकरणों तथा संबंधित सभी विभागों द्वारा प्रदेश में संभावित शीत लहर (शीतघात) के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुये इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जायें। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला शीत लहर (शीतघात) कार्य योजना तैयार की जाये। प्रत्येक स्तर जिला, तहसील, ब्लॉक, विभाग पर शीत लहर प्रबंधन के लिये एक नोडल अधिकारी नामांकित किया जाये।



मौसम विज्ञान द्वारा जारी शीत लहर चेतावनी को जिला कमांड और नियंत्रण केंन्द्र के माध्यम से जन सामान्य तथा संबंधित विभागों तक पहुँचाने के लिये आवश्यक व्यवस्था की जाये।

बेघर, प्रभावित लोगों को आश्रय गृहों में स्थानांतरित किया जाये। बेसहारा एवं बेघर व्यक्ति सड़क, मैदान में पाये जाने पर अलाव की व्यवस्था की जाये। स्वयंसेवी संगठनों द्वारा कंबलों का वितरित किया जाये। स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं का समय, मौसम विज्ञान द्वारा शीतलहर से संबंधित दी चेतावनी अनुसार आवश्यकता अनुसार एवं विधिवत स्कूल खुलने के समय में परिवर्तन करने हेतु आवश्यक आदेश जारी किए जायें।